» संक्षिप्त समाचार

एसडीएम ने मौके पर ही सुनीं शिकायतें, किया निस्तारण

सीमा सन्देश संवाददाता

झुंझुनूं। गुरूवार को आयोजित राजस्व शिविर में झुंझुनूं एसडीएम रामकरण सिंह ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया। शिविर के दौरान उपखंड अधिकारी ने विभिन्न विवादित एवं प्रचलित रास्तों का स्थलीय निरीक्षण किया तथा वर्षों से प्रचलित एवं डोटेड रास्तों के प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए राजस्व टीम को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक काश्तकार को आवागमन हेतु सुगम एवं वैध रास्ता उपलब्ध कराया जाना प्राथमिकता है। उपखंड अधिकारी ने शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर तहसीलदार मुकेश कुमार, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी राजेश बजाड़, भू-अभिलेख निरीक्षक विश्वास, पटवारी सरिता सहित राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

श्रीमती गोमती देवी पीजी कॉलेज में गुरू वंदन कार्यक्रम का आयोजन

सीमा सन्देश संवाददाता

बड़ागांव। श्रीमती गोमती देवी पीजी महाविद्यालय बड़ागांव में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरस्वती सीनियर सैकंडरी स्कूल के निदेशक व आरएसएस के जिला संघ चालक मानसिंह शेखावत ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में ग्राम विकास संयोजक झुंझुनूं विभाग एवं संघ चालक चिरंजीलाल शर्मा भी उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में मानसिंह ने विद्यार्थियों को आज के गिरते मूल्यों को सुधारने में गुरु का महत्व के बारे में बताया। साथ ही उन्हें राष्ट्र हित को सर्वोपरि मानने के लिए प्रेरित भी किया। चिरंजीलाल ने परिवारों के एकल होने से बच्चों के संस्कारों में आती कमी पर प्रकाश डाला और इसके साथ ही शिक्षक की इस संदर्भ में बढ़ती जिम्मेदारी को बताया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. निधि शेखावत ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्य, विद्यार्थी एवं स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

अजमेर-चंदेरिया रेलखंड पर दोहरीकरण कार्य के चलते हिसारः हैदराबाद एक्सप्रेस के समय में बदलाव

सीमा सन्देश संवाददाता

चिड़ावा। अजमेर-चंदेरिया रेलखंड के मध्य चल रहे दोहरीकरण कार्य के चलते रेल यातायात प्रभावित रहेगा। कार्य के कारण गाड़ी संख्या 17019 हिसारझ्रहैदराबाद एक्सप्रेस के संचालन समय में अस्थायी बदलाव किया गया है।रेल यात्री संघ चिड़ावा के अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा ने बताया कि 22 सितंबर और 29 सितंबर 2026 को हिसारझ्रहैदराबाद एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से एक घंटे की देरी से हिसार से रवाना होगी। वहीं 6 अक्टूबर 2026 को यह रेलसेवा निर्धारित समय से दो घंटे की देरी से हिसार से प्रस्थान करेगी।उन्होंने बताया कि रेलखंड पर दोहरीकरण कार्य के चलते यह बदलाव किया गया है। यात्रियों से अपील की गई है कि निर्धारित यात्रा से पहले अपनी ट्रेन के नवीनतम समय की जानकारी रेलवे से अवश्य जांच लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

अखिल भारतीय आईपीएससी अंडर-17 फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

पिलानी। बिरला पब्लिक स्कूल, पिलानी में पांच दिवसीय आयोजित अखिल भारतीय अंडर-17 बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का बुधवार देर सांयकाल भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। पाँच दिनों तक चले इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय आयोजन का समापन रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ , संयोजक विजय सिंह राठौड, आनंद सिंह राठौड, ने बताया कि प्रातःकालीन हुए मुकाबलों में वाईपीएस, पटियाला , बिरला पब्लिक स्कूल पिलानी, जिसमें वाई पी एस पटियाला , के खिलाड़ी विजेता रहे।सायंकाल सत्र में ताशी नामग्याल अकादमी, गंगटोक (सिक्किम) तथा दिल्ली पब्लिक स्कूल, आर.के. पुरम, नई दिल्ली की टीमें चैम्पियनशिप के लिए आमने-सामने हुई।इसके फाइनल मैच में ताशी नामग्याल अकादमी, गंगटोक (सिक्किम) प्रतियोगिता कि विजेता टीम रही जब कि दिल्ली पब्लिक स्कूल, आर.के. पुरम, नई दिल्ली उपविजेता टीम रही। एवं यादवेन्द्र पब्लिक स्कूल पटियाला तृतीय स्थान पर रहा ।

आयोजन — नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम में युवाओं ने बिखेरी प्रतिभा

नशा मुक्त युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकतः डॉ. अरूण गर्ग

सीमा सन्देश संवाददाता

झुंझुनूं। माय भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार व नौरंगराम दयानंद ढूकिया नर्सिंग कॉलेज झुंझुनू के संयुक्त तत्वावधान मे आयोजित नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला युवा अधिकारी मधु यादव ने बताया कि कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग रहे। अध्यक्षता संस्था सचिव संदीप ढूकिया ने की। विशिष्ट अतिथि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा झाझड़िया, वरिष्ठ कोषधिकारी प्रियंका लाम्बा रही। जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं की ऊर्जा और रचनात्मक सोच ही विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति है।उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ, जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। साथ ही कहा की ऐसे अभियान समाज मे सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सामूहिक लोकगीत, समूह नृत्य, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, वाद-विवाद, लघु फिल्म/रील निर्माण, नारा लेखन एवं कविता लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमे जिले के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नशा मुक्ति का संदेश दिया। वाद विवाद प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर काजोल, कविता पाठन में नितिन, लोकगीत में कृतिका, चित्रकला में महिमा व नुक्कड़ नाटक व सामूहिक लोकनृत्य में एमकेएम पब्लिक स्कूल खेतड़ी रहे।

कविता लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया

जिला युवा अधिकारी मधु यादव ने बताया कि जिला स्तर पर चयनित विजेता प्रतिभागी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में झुंझुनूं जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को नई दिल्ली मे आयोजित राष्ट्रीय नशा मुक्त युवा कॉन्क्लेव में भाग लेने का अवसर मिलेगा। बतौर निर्णायकगण एनएसएस जिला समन्वयक शशिप्रकाश अहलावत, अध्यापक धर्मपाल सिंह, अध्यापक संतोष कस्वां व पिंकी रहे। मंच संचालन राष्ट्रीय युवा अवार्डी विजय ने किया। संस्था डायरेक्टर सुनीता ढूकिया ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

शाम 4.30 बजे जमुना रिसोर्ट में होगा भव्य आयोजन

आयोजनः सावन की फुहारों के बीच कल सजेगा 'लहरिया-2026'

- **स्त्री शक्ति समूह का भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, आलम ज्वैलर्स है मुख्य स्पॉन्सर, अभिनंदन गारमेंट्स सहित अन्य सहयोगी**

सीमा सन्देश संवाददाता

झुंझुनूं। सावन की हरियाली, राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति, रंग-बिरंगे लहरिया परिधान और महिलाओं का उल्लास... इन सभी का अनूठा संगम शनिवार को देखने को मिलेगा। स्त्री शक्ति समूह की ओर से एक अगस्त शनिवार को शाम 4.30 बजे से झुंझुनूं जिला मुख्यालय स्थित जमुना रिसोर्ट में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम 'लहरिया-2026' का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य कार्यक्रम के मुख्य स्पॉन्सर आलम ज्वैलर्स एवं सहयोगी के रूप में अभिनंदन गारमेंट्स हैं।

कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और आयोजन समिति इसे ऐतिहासिक व यादगार बनाने में जुटी है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां वे पारिवारिक व्यस्तताओं से समय निकालकर अपनी संस्कृति, परंपराओं और आपसी आत्मीयता का उत्सव मना सकें। कार्यक्रम में महिलाएं केवल लहरिया साड़ी ही नहीं, बल्कि लहरिया लहंगा-चुन्नी, सूट व अन्य पारंपरिक परिधानों में शामिल होंगी। करीब 3 से 4 घंटे तक चलने वाले इस उत्सव में जयपुर के प्रसिद्ध डीजे की धुनों पर महिलाएं जमकर झूमेंगी। आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण 'फ्लोर डांस इन लहरिया' रहेगा। जहां महिलाएं सामूहिक रूप से नृत्य कर सावन के उत्साह को और बढ़ाएंगी।

इसके अलावा कई रोचक गतिविधियां और फन गेम्स भी आयोजित किए जाएंगे। आयोजन समिति ने इस बार नई नवेली बहुओं और सावन में पीहर आई बेटियों के लिए विशेष सरप्राइज मोमेंट्स तैयार किए हैं। साथ ही परिसर में आकर्षक पारंपरिक झूले, सावन थीम पर बना विशेष सेल्फी पॉइंट, स्वादिष्ट व्यंजनों से सजा फूड कॉर्नर महिलाओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेंगे।

तैयारियों में जुटी आयोजन समिति

कार्यक्रम की तैयारियों में डॉ. मीना शेखावत, सुमन मील, ललित राठौड़, रविता झाझड़िया, डॉ. शालू टीबड़ा, सरोज कंवर बड़ाऊ और सुनीता टीबड़ा सहित स्त्री शक्ति समूह की अनेक सदस्य सक्रियता से जुड़ी हुई हैं। समिति का कहना है कि यह आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित न रहकर सामाजिक जुड़ाव, सांस्कृतिक संरक्षण और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम है। 'लहरिया-2026' को लेकर झुंझुनूं शहर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं में भी भारी उत्साह है।

आदर्शों को जीवन में अपनाने पर जोर

कानोरिया कॉलेज में गुरु वंदन कार्यक्रम आयोजित

सीमा सन्देश संवाददाता

मुकुंदगढ़. कस्बे में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान(उच्च शिक्षा) की स्थानीय इकाई कानोरिया कॉलेज की ओर से गुरु वंदना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और महर्षि वेदव्यास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।इकाई अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. बीडी शर्मा ने गुरु की महत्ता, भारत की विलक्षण गुरु शिष्य एवं भारतीय ज्ञान परम्परा पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को जीवन में सत्य मार्ग पर चलते हुए गुरू के मार्गदर्शन में अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया तथा गुरु के प्रति अटूट सम्मान रखने पर बल दिया।कार्यक्रम में इकाई सचिव दीनदयाल ने विद्यार्थियों को व्यक्ति के जीवन में गुरू के महत्व के बारे में बताया एवं उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने पर जोर दिया। इकाई सदस्य मांगू सिंह शेखावत ने गुरु की महिमा के बारे में बताते हुए उनके आदर्शों व शिक्षा को जीवन में अपनाने तथा गुरु के प्रति आदर भाव रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम में संस्था सहसचिव वीके बुधिया, एबीआरएसएम इकाई की ओर से विद्याधर वर्मा, राजेश कुमार सैनी, मिलन शर्मा,रितु शर्मा,सिकंदर मील, विजेन्द्र सिंह, सुधा शर्मा विजेन्द्र सैनी,विजय कुमार शर्मा,खेल प्रशिक्षक राजकुमार शर्मा,सुरेश कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

प्रतिमा पर अर्पित किए पुष्प

पद्मश्री शीशराम ओला की जयंती पर अरड़ावता में श्रद्धांजलि

सीमा सन्देश संवाददाता

चिड़ावा। शहर के निकटवर्ती ग्राम अरड़ावता में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं किसान नेता पद्मश्री शीशराम ओला की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और उनके द्वारा किए गए जनसेवा एवं क्षेत्र विकास के कार्यों को याद किया गया। कार्यक्रम में सरजीत ओला, गुड़ानिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुमेर सिंह महला, पूर्व सरपंच कूरडाराम ओला, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुशील पायल, युवा कांग्रेस नेता विकास गुर्जर, सुरेंद्र सिंह सहित अनेक ग्रामीणों ने शीशराम ओला की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पद्मश्री शीशराम ओला ने किसानों और आमजन के हितों के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में क्षेत्र के विकास एवं जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

दो बेटियों के जन्मोत्सव पर 31पौधे लगाए

सीमा सन्देश संवाददाता

चिड़ावा। सूरजगढ़ के ग्राम पंचायत फरट के गोपीनाथपुरा गांव में दिनेश आर्य ने अपनी पुत्रियों यश्वीआर्य एवं पल्लवी आर्य के जन्मोत्सव को यादगार बनाते हुए 31 पौधों का रोपण कराया। स्कूल, मुक्तिधाम एवं बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम के जरिए ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में नीम, पीपल, जामुन, बिलपत्र, पपड़ी सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस दौरान ग्रामीणों एवं गणमान्य नागरिकों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। सामाजिक कार्यकर्ता मनजीत सिंह तंवर काजडा सरपंच प्रतिनिधि ने कहा कि जन्मदिन एवं अन्य मांगलिक अवसरों पर पौधारोपण करना समाज के लिए प्रेरणादायी पहल है। उन्होंने लोगों से ऐसे अवसरों पर पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में होशियार सिंह, मोतीलाल, रघुवीर कपील डोसिवाल, रणजीत सिंह बेनीवाल, शिक्षाविद चंद्रभान, दिनेश आर्य, सम्पत, सुरजभान, सत्यवीर, ताराचंद गरसा, अनिल मेहरा, दिनेश कुमार, रणसिंह, मनफूल,शांति, मनीषा, लाली, चमेली, विनोद देवी, मंजू, शीला देवी, बनिता, सुदेशना देवी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

भर्ती प्रक्रिया में बुहाना को शामिल करने की मांग

सीमा सन्देश संवाददाता

झुंझुनूं। प्रदेश में चल रही सफाई कर्मचारी भर्ती प्रक्रिया में नगरपालिका बुहाना को शामिल नहीं किए जाने पर वाल्मीकि समाज के लोगों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। समाज के लोग बस भरकर बुहाना से झुंझुनूं पहुंचे और नगरपालिका में स्थायी सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की मांग उठाई। ज्ञापन में बताया गया कि बुहाना को नगरपालिका का दर्जा मिले काफी समय हो चुका है।

नीट चयनित विद्यार्थियों का सम्मान

गुरु पूर्णिमा पर परमहंस PCP स्कूल में गुरु-शिष्य परंपरा का भव्य उत्सव

सीमा सन्देश संवाददाता

चिड़ावा। शहर के मंड्रेला बाईपास स्थित परमहंस (ढउढ) स्कूल के सीनियर कैंपस में बुधवार को गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा, सम्मान और उल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा को जीवंत करते हुए विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों का तिलक, पुष्प एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ।इस अवसर पर हाल ही में नीट परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को मेडल एवं स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा और श्रेष्ठ संस्कार प्रदान करने वाले मार्गदर्शक होते हैं।विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रेरणादायक विचारों के माध्यम से गुरुजनों के प्रति अपनी श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त की। नीट चयनित छात्र डॉ. निर्मल ने गुरुजनों को चांदी के सिक्के एवं स्मृति-चिह्न भेंट किए, जबकि डॉ. खुशबू ने गुरु दक्षिणा के रूप में विद्यालय परिवार को ऑफिस चेयर भेंट कर अपनी गुरु भक्ति का परिचय दिया। गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर संस्थान के निदेशक मनोज कुमार का जन्मदिवस भी विद्यार्थियों और स्टाफ के साथ केक काटकर हर्षोल्लास से मनाया गया। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरुजनों के प्रति सदैव श्रद्धा रखने, लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर कठिन परिश्रम करने तथा जीवन में अनुशासन अपनाने का संदेश दिया।

विश्व एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग दिवस पर किया जागरूकता पोस्टर का विमोचन

सीमा सन्देश संवाददाता

झुंझुनूं। विश्व एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग दिवस के अवसर पर जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन राजस्थान महिला कल्याण मंडल चाचियावासझ्रअजमेर एवं राजस्थान पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में झुंझुनूं में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एएसपी देवेन्द्र सिंह राजावत द्वारा मानव तस्करी रोकथाम संबंधी जागरूकता पोस्टर के विमोचन से हुई। इस अवसर पर राजावत ने कहा कि मानव तस्करी मानवता के विरुद्ध एक जघन्य अपराध है। जिसकी रोकथाम के लिए पुलिस, प्रशासन, सामाजिक संस्थाओं तथा आमजन की संयुक्त भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके और बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

रिफॉर्म एआरसी लिमिटेड (पूर्व में रिलायंस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के नाम से ज्ञात)
द्वितीय तल, आईसीसी चैंबर- ।।, साकी विहार रोड, एमटीएनएल कार्यालय के पास, पोवई, मुंबई, महाराष्ट्र - 400 072
कब्जा नोटिस (अचल संपत्तियों के लिए)

एतद्वारा प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) तथा धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, प्राधिकृत अधिकारी ने नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को मांग नोटिस जारी किए थे, जिसमें ऋणधारकों और गारंटरों से उक्त मांग नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया था।
मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस ने असाइनमेंट एग्रीमेंट दिनांक 24.03.2017 के माध्यम से निम्नलिखित ऋणधारकों की वित्तीय आस्तियों को उनके सभी अधिकारों, स्वामित्व और हितों के साथ-साथ सभी अंतर्निहित प्रतिभूति हितों को रिफॉर्म एआरसी लिमिटेड (पूर्व में रिलायंस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के रूप में ज्ञात), **MAGMA RARC 031 ट्रस्ट के ट्रस्टी,** के पक्ष में हस्तांतरित (असाइन) कर दिया है।
ऋणधारकऔर गारंटर राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए ऋणधारकों, गारंटर और आमजन को नोटिस दिया जाता है कि रिफॉर्म एआरसी लिमिटेड (पूर्व में रिलायंस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड) के अधोहस्ताक्षरी प्राधिकृत अधिकारी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित प्रतिभूतीकरण एवं वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को यहां वर्णित संपत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया है।
विशेष रूप से ऋणधारकों और गारंटरों तथा आमजन को एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे इन संपत्तियों के संबंध में कोई लेन-देन न करें। संपत्तियों के साथ किया गया कोई भी लेन-देन रिफॉर्म एआरसी लिमिटेड (पूर्व में रिलायंस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के रूप में ज्ञात) के राशि और उस पर लगने वाले ब्याज के प्रभार के अधीन होगा। सुरक्षित आस्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा 8 के प्रावधानों की ओर ऋणधारकों का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

ऋणधारक/ जमानतदारों	बंधक सम्पत्ति का विवरण	डिमांड नोटिस तिथि (भौतिक कब्जे की तिथि)	डिमांड नोटिस तिथि (भौतिक कब्जे की तिथि)	राशि ओ/एस
1. श्री दिनेश अग्रवाल (ऋणधारक) 2. श्री नेहा अग्रवाल (सह-ऋणधारक) 3. श्री जीपी प्रोसेसर	बंधक संपत्ति फ्लैट नं. 201, दूसरी मंजिल, प्लॉट नं. बी-2, बी-3, बी-4, बी-5, नामतः 'रॉयल ऑर्नेट', श्री राम विहार-बी, सवाई गेटोर, जयपुर, 302 012 के समस्त खण्ड व हिस्से।	19-03-2025	MAGMA RARC 031 Trust	रु 74,34,268.02 (रुपये चौहत्तर लाख चौंतीस हजार दो सौ अड़सठ और दो पैसे मात्र)। उक्त बकाया राशि के अतिरिक्त, आप 28.02.2025 के बाद लोन खातों में जमा होने वाले ब्याज और शुल्क का भुगतान करने के लिए भी उत्तरदायी हैं।
		27.07.2026	24-03-2017	

दिनांकः 27.07.2026
स्थानः जयपुर
(प्राधिकृत अधिकारी)
रिफॉर्म एआरसी लिमिटेड
(पूर्व में रिलायंस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के नाम से ज्ञात)

पूर्व डिप्टी डायरेक्टर डॉ. लीलाधर दोयानिया के कहानी संग्रह मिट्टी की कीमत का 2 अगस्त को होगा विमोचन

सीमा सन्देश संवाददाता



झुंझुनूं। जिले के दूधवा गांव निवासी एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर लेखक साहित्यकार डॉ. लीलाधर दोचानिया के कहानी संग्रह मिट्टी की कीमत का विमोचन दो अगस्त रविवार को जयपुर स्थित श्री दिगंबर जैन भट्टारक जी की नसियां, नारायण सिंह सर्किल में आयोजित किया जाएगा।

समारोह में मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी डॉ. गोविंद पारीक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। डॉ. दोचानिया ने बताया कि मिट्टी की कीमत कहानी संग्रह में समकालीन समाज, मानवीय संवेदनाओं, ग्रामीण परिवेश, बदलते सामाजिक मूल्यों तथा मानवीय रिश्तों पर आधारित कहानियों का समावेश किया गया है। लेखक ने अपने लंबे प्रशासनिक अनुभव एवं सामाजिक जीवन से प्राप्त अनुभूतियों को सहज, सरल और प्रभावशाली भाषा में प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि यह कहानी संग्रह केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि पाठकों को सामाजिक सरोकारों, जीवन-मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं पर गंभीरता से विचार करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्हें विश्वास है कि यह कृति साहित्य प्रेमियों के बीच अपनी अलग पहचान बनाएगी।लोकार्पण समारोह में साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं साहित्य प्रेमियों की उपस्थिति रहने की संभावना है।

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः 6वीं मंजिल, बी बिल्डिंग, गंगा टुएनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014
ब्रांच ऑफ यूनिटः दूसरी मंजिल, प्लॉट नं. 40, शांति नगर, आगरा रोड, दौसा राजस्थान - 303303
ई-नीलामी- बिक्री सूचना सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल आस्ति की बिक्री

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002(अधिनियम) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 व 9 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना
एतद्द्वारा जनसामान्य को और विशेष रूप से ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** और (इसके बाद अधिनियम के अनुसार 'सुरक्षित लेनदार' के रूप में संदर्भित किया है) के पास बंधक रखा है, जिसका कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन नोटिस की पालना में अधिनियम की धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूति हित(प्रवर्तन) नियम के नियम 8 व 9 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राप्त कर लिया है।
सुरक्षित आस्तियों को ई-नीलामी के माध्यम से 31.08.2026 को 'जो है जहां है', 'जो है क्या है' और 'वहां जो भी है'के आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइटः https://www.bankeauctions.com. पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया जीएचएफएल/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

क्र सं.	प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए)	मांग सूचना दिनांक और बकाया राशि (बी)	कब्जे का प्रकार(सी)	संपत्ति का विवरण (डी)	आरक्षित राशि (ई)	ईएमडी (आरपी का 10 प्रतिशत) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि(जी)	बोली वृद्धि (एच)	सम्पत्ति निरीक्षण तिथि व समय (आई)	नीलामी की तिथि और समय (जे)	ज्ञात भार/ कोर्ट केस, यदि कोई हो, (के)
1.	ऋण खाता नंबर LAP06 06200000005044907 और HF0052H20100519 राम बाबू मीणा (ऋणधारक) गीता देवी (सह-ऋणधारक)	नोटिस की तारीखः 08-09-2024 कुल बकाया राशिः रु. 17,87,942/- इसमें LAP06062000000005044907 में रु 5,63,545/- देय हैं और HF0052H20100519 में रु. 12,24,397/- का बकाया शामिल है, जो 08-09-2024 तक देय है। इसके साथ ही, भुगतान होने तक 15% सालाना की दर से ब्याज भी देय।	भौतिक	गाँव मोरेड, तहसील सिकराय, ज़िला दौसा, राजस्थान; जिसका अधिमापन 250.00 वर्ग यार्ड (जिसे आगे 'उक्त संपत्ति' कहा जाएगा) स्थित आवासीय प्लाट के समस्त खण्ड व हिस्से, और प्लॉट की सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः सड़क। पश्चिमः कृषि भूमि। उत्तरः श्री राम किशोर की आबादी वाली जमीन। दक्षिणः खुली आबादी वाली जमीन।	रु. 2392557/- (रुपये तेइस लाख बानवे हजार पांच सौ सतावन मात्र)	रु. 2392557/- (रुपये तेइस लाख बानवे हजार पांच सौ सतावन मात्र)	28.08.2026 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	10.08.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	31.08.2026 (प्रातः 11- सायं 2)	उधारकर्ता ने SA/368/225 के जरिए DRT जयपुर में रुअ दावर किया है, लेकिन CHFL के खिलाफ कोई प्रतिकूल आदेश पारित नहीं किया गया है।

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित लेनदार शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी स्वयं की पूछताछ करें और अतिरिक्त शुल्क, भारों और किसी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोलियां जमा करने से पहले सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें। सभी वैधानिक बकाया जैसे संपत्ति करों, बिजली/पानी का बकाया और संपत्ति से जुड़ा कोई अन्य बकाया, यदि कोई हो, का पता लगाया जाना चाहिए और सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए।
इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और जो नीलामी सेवा प्रदाता) सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड **पता- प्लॉट नंबर-68 तृतीय तल गुड़गांव हरियाणा-122003. हेल्पलाइन नंबर- 7291981124,25,26 सपोर्ट ईमेल आईडी Support@bankeauctions.com संपर्क -व्यक्ति धारनी पी, ईमेल आईडी- dharani.p@c1inida.